L-43

एम.फिल. (दलित-आदिवासी अध्ययन एवं अनुवाद केन्द्र) प्रवेश-परीक्षा 2016
M.Phil. (CDAST) Entrance Examination 2016

समय/Time : 2 घंटे/ 2 Hours | पूर्णांक/Max. Marks : 75

प्रवेश-पत्र संख्या / Hall Ticket No. ____________________

**अनुदेश/Instructions:**

1. The question paper consists of two parts viz. Part A and Part B.

2. **Enter** your **Hall Ticket Number** on this **Page** and also on the **OMR answer sheet** and in **Part-B** also **without fail.**

3. Part A is objective type and has to be answered in the OMR sheet only and there will be **negative marking of 0.33 marks for every wrong answer** as per the University rules. No mark will be deducted for an unanswered bit.

4. Part B contains the questions of descriptive nature and has to be answered in the space provided in the question paper itself.

5. Hand over the OMR answer sheet for Part-A and Question Paper for Part-B at the end of the examination to the Invigilator.

6. Medium of instruction for this course is Hindi. The questions should be answered in Hindi only.

***

# एम.फिल. (दलित-आदिवासी अध्ययन एवं अनुवाद केन्द्र) प्रवेश-परीक्षा 2016
## M.Phil. (CDAST) Entrance Examination 2016
### भाग – ए – वैकल्पिक प्रश्न / Part – A Objective type Questions

अंक/ Marks : 50

सूचना : निम्नलिखित प्रश्नों के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं जिनमें केवल एक उत्तर सही है। सही उत्तर चुनकर OMR Sheet पर यथास्थान चिह्नित कीजिए।

| | |
|---|---|
| 1. | महाराष्ट्र में डॉ. अम्बेडकर द्वारा अस्पृश्यता विरोधी आंदोलन की शुरुआत इस दशक में की गई -<br>A. 1910 के दशक में B. 1920 के दशक में C. 1930 के दशक में D. 1940 के दशक में |
| 2. | सन्1976 में 'पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज़ एण्ड डेमोक्रटिक राइट्स' (पी यू सी एल और पी यू डी आर) नामक संगठन का गठन इनके नेतृत्व में हुआ था -<br>A. श्रीमती इंदिरागांधी B. रामचंद्र गुहा C. बाविस्कर D. जयप्रकाश नारायण |
| 3. | 'माँझी रामदास टुडू 'रासका' इस भाषा के महाकवि माने जाते हैं-<br>A. डोगरी B. कोंकणी C. संताली D. मणिपुरी |
| 4. | 'तिनका तिनका आग' किनका काव्य-संग्रह है?<br>A. डॉ. एन सिंह B. डॉ. जयप्रकाश कर्दम C. चिरंजी कटारिया D. डॉ. तेजसिंह |
| 5. | 'क्रौंच हूँ मैं' इनके कविता-संग्रह का शीर्षक है -<br>A. डॉ. श्यौराज सिंह 'बेचैन' B. ओमप्रकाश वाल्मीकि C. डॉ. देवेंद्र दीपक D. सुदेश तनवर |
| 6. | "मंदिर मसजिद दोउ एक हैं / इनमें अंतर नाहिं। / रविदास राम रहमान का / झगड़उ कोउ नाहि।" – किनकी पंक्तियाँ हैं?<br>A. कबीर B. दादू C. रैदास D. बाबा फरीदुद्दीन |
| 7. | सन् 1290 में गीता का मराठी रूपांतर तैयार करने वाले महाराष्ट्र के संत कौन थे?<br>A. संत नामदेव B. संत तुकाराम C. संत रामदास D. संत ज्ञानेश्वर |
| 8. | "तुम कहते हो देश सबका है / पर शिक्षा पर तुम्हारा कब्जा / भूमि पर तुम्हारा एकाधिपत्य / उद्योगों पर तुम्हारा एक छत्र राज / हमारा क्या? " – ये किनकी पंक्तियाँ हैं?<br>A. कँवल भारती B. डॉ. सी. बी. भारती C. डॉ. नाथूराम सागर D. डॉ. सोहनपाल सुमनाक्षर |
| 9. | डॉ. एंड्लूरी सुधाकर किस भाषा के दलित कवि हैं?<br>A. कन्नड़ B. मलयालम C. तेलुगु D. तमिल |
| 10. | कौसल्या बैसंत्री की आत्मकथा का शीर्षक है -<br>A. मेरे जीवन की चित्रकथा B. दोहरा अभिशाप C. जीवन हमारा D. अंतस्फोट |

| | |
|---|---|
| 11. | 'धोखा' इनके द्वारा लिखित कहानी का शीर्षक है -<br>A. अनिता भारती B. रजनी दिसोदिया C. पुष्पा भारती D. रजत रानी 'मीनू' |
| 12. | देवेंद्र सत्यार्थी का 'रथ के पहिये' इस आदिवासी जनजीवन पर आधारित उपन्यास है -<br>A. गोंड आदिवासी B. संताल आदिवासी C. भील आदिवासी D. किन्नौरा आदिवासी |
| 13. | 'जंगल जहाँ शुरू होता है' इनका उपन्यास है -<br>A. प्रकाश मिश्र B. मनमोहन पाठक C. तेजिंदर D. संजीव |
| 14. | सन् 1942 के नागा संघर्ष पर केंद्रित वीरेंद्र भट्टाचार्य के उपन्यास का शीर्षक है -<br>A. जो इतिहास में नहीं है B. काला पादरी C. मृत्युंजय D. समर शेष है |
| 15. | झारखण्ड अंचल की महिलाओं के शोषण को अभिव्यक्ति देनेवाला उपन्यास 'लौटते हुए' के लेखक हैं-<br>A. मंगलसिंह मुण्डा B. वाल्टर भेंगरा 'तरुण' C. हरिराम मीणा D. संजीव |
| 16. | 'आखिर कब तक' सन् 1992 में प्रकाशित इनके कहानी-संग्रह का नाम है -<br>A. शंकरलाल मीणा B. रोज केरकेटटा C. डॉ. मंजु ज्योत्स्ना D. रामधन लाल |
| 17. | हरिराम मीणा का 'जंगल-जंगल जलियांवाला' इस विधा की रचना है -<br>A. नाटक B. उपन्यास C. कहानी D. यात्रावृत्त |
| 18. | गोपीनाथ महंती के उपन्यास 'अमृत संतान' में इस जनजाति की कहानी है -<br>A. भतरा जनजाति B. मुरिया जनजाति C. कंध जनजाति D. हलबा जनजाति |
| 19. | 'मोर्चा मानगढ़' किस विधा की रचना है?<br>A. कविता B. नाटक C. कहानी D. एकांकी |
| 20. | महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के द्वारा प्रकाशित 'समाजविज्ञान विश्वकोश' के मुख्य संपादक का नाम हैं -<br>A. अभय कुमार दुबे B. राधावल्लभ त्रिपाठी C. नंदकिशोर आचार्य D. तुलसीराम |
| 21. | हिंदी साहित्य सम्मेलन की स्थापना किसने की थी?<br>A. महावीर प्रसाद द्विवेदी B. बाबू श्यामसुंदरदास C. पुरुषोत्तमदास टंडन D. मदनमोहन मालवीय |
| 22. | राजभाषा आयोग की स्थापना कब हुई?<br>A. सन् 1955 B. सन् 1952 C. सन् 1960 D. सन् 1958 |
| 23. | इनमें से कौन-सी भाषा आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है?<br>A. बोडो B. नेपाली C. उड़िया D. भोजपुरी |
| 24. | भारत की अधिकांश भाषाओं की लिपियों का विकास किस प्राचीन लिपि से हुआ?<br>A. कुटिल लिपि B. ब्राह्मी लिपि C. शारदा लिपि D. खरोष्ठी लिपि |
| 25. | 'द मार्डर्न वर्नाकुलर लिटरेचर ऑफ हिंदुस्तान' के लेखक कौन हैं?<br>A. मिश्रबंधु B. गार्सा द तासी C. जार्ज ग्रियर्सन D. शिवसिंह सेंगर |

| | |
|---|---|
| 26. | वज्रयान के अनुयायी क्या कहलाते हैं?<br>A. शाक्त B. नाथ C. जैन D. सिद्ध |
| 27. | आलवार भक्तों के पद किस भाषा में हैं?<br>A. मलयालम में B. कन्नड़ में C. तमिल में D. तेलुगु में |
| 28. | किस आलोचक ने कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' कहा?<br>A. महावीर प्रसाद द्विवेदी B. हजारी प्रसाद द्विवेदी C. रामचंद्र शुक्ल D. डॉ. नगेंद्र |
| 29. | बंगला भाषा में रचित रामकथा का नाम क्या है?<br>A. भास्कर रामायण B. रंगनाथ रामायण C. आध्यात्म रामायण D. कृत्तिवास रामायण |
| 30. | 'निर्गुण कौन देस को वासी' – यह पंक्ति किस कवि की है?<br>A. नंददास B. चतुर्भुजदास C. सूरदास D. कुंभनदास |
| 31. | 'आलम' किस धारा के कवि हैं?<br>A. रीतिमुक्त B. रीतिसिद्ध C. रीतिबद्ध D. इनमें से कोई नहीं |
| 32. | 'भारत-भारती' के रचनाकार कौन हैं?<br>A. जयशंकर प्रसाद B. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'<br>C. मैथिलीशरण गुप्त D. माखनलाल चतुर्वेदी |
| 33. | "जब वेदना के आधार पर स्वानुभूतिमयी अभिव्यक्ति होने लगी तब हिंदी में उसे छायावाद के नाम से अभिहित किया गया।" यह कथन किसका है?<br>A. आचार्य रामचंद्र शुक्ल B. नंददुलारे वाजपेयी<br>C. जयशंकर प्रसाद D. डॉ. नगेंद्र |
| 34. | 'मास्को अब भी दूर है' किसकी रचना है?<br>A. शिवमंगल सिंह 'सुमन' B. दिनकर<br>C. रामविलास शर्मा D. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' |
| 35. | 'अकाल में सारस' के रचनाकार कौन हैं?<br>A. राजेश जोशी B. उदय प्रकाश C. मदन कश्यप D. केदारनाथ सिंह |
| 36. | देश-विभाजन की त्रासदी पर लिखित यशपाल के उपन्यास का शीर्षक है -<br>A. दादा कामरेड B. दिव्या C. अमिता D. झूठा सच |
| 37. | 'जाग मछंदर गोरख आया' किनका उपन्यास है?<br>A. विश्वंभरनाथ उपाध्याय B. महीपसिंह<br>C. शिवप्रसाद सिंह D. नरेश मेहता |
| 38. | 'मार्क्स और पिछड़े हुए समाज' के लेखक कौन हैं<br>A. रमेशचंद्र शाह B. नामवर सिंह C. रामविलास शर्मा D. पुरुषोत्तम अग्रवाल |

| | |
|---|---|
| 39. | 'आज और अभी' इनकी डायरी का शीर्षक है -<br>A. दूधनाथ सिंह B. रमेशचंद्र शाह<br>C. प्रभाकर माचवे D. अमृतराय |
| 40. | 'हिंदी साहित्य का आधा इतिहास' के लेखक कौन हैं?<br>A. बच्चन सिंह B. गंगाप्रसाद विमल<br>C. सुमन राजे D. अशोक वाजपेयी |
| 41. | 'मैं छोटा नागपुर से बोल रहा हूँ' रिपोर्ताज के लेखक कौन हैं?<br>A. कामताप्रसाद B. धर्मवीर भारती<br>C. भदंत आनंद कौसल्यायन D. श्रीकांत वर्मा |
| 42. | This makes no sense – का सही हिंदी अनुवाद है-<br>A. इसका अर्थ नहीं है।<br>B. इसका कुछ अर्थ नहीं लगता।<br>C. इसका कोई अर्थ नहीं होता।<br>D. यह सही नहीं है। |
| 43. | He was went upon going – का सही हिंदी अनुवाद है-<br>A. वह जाने को था।<br>B. वह जाने के लिए तैयार था।<br>C. वह जाने पर तुला हुआ था।<br>D. वह जाने पर जिद्दी था। |
| 44. | 'वह लिखते-लिखते थक गया।' – का सही अंग्रेजी अनुवाद है-<br>A. He got tired with writing.<br>B. He tired with writing.<br>C. He tired while writing.<br>D. He tired writing. |
| 45. | 'विद्यार्थियों ने परीक्षा की तारीख बढ़वा ली है।' – का सही अंग्रेजी अनुवाद है-<br>A. The students extended dates of examination.<br>B. The students got dates of examination extended.<br>C. The students have got the dates of the examination extended.<br>D. Students have extended the dates of the examination. |

| | |
|---|---|
| 46. | Special Circumstances – का सही हिंदी अनुवाद है -<br>A. विशेष परिस्थितियाँ B. मुख्य परिस्थितियाँ<br>C. प्रत्येक परिस्थितियाँ D. ध्यान देने योग्य परिस्थितियाँ |
| 47. | 'प्रगतिशील' का सही अंग्रेजी अनुवाद है -<br>A. Progression B. Progress<br>C. Development D. Progressive |
| 48. | हिंदी में स्वीकृत शोध-प्रबंधों की संदर्भिका 'शोध-संदर्भ' के संपादक का नाम है -<br>A. डॉ. गिरिराज शरण अग्रवाल B. कृष्णाचार्य<br>C. डॉ. उदयभानु सिंह D. डॉ. एस. एन. गणेशन |
| 49. | 'औपनिवेशिक भारत में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और आयुर्विज्ञान' (भारत का नया कैंब्रिज इतिहास) शीर्षक पुस्तक के अनुवादक का नाम हैं-<br>A. प्रो.अमरनाथ ठाकुर B. शैलेंद्र<br>C. प्रो. कृष्णकुमारा गोंस्वामी D. प्रो. सूरजभान सिंह |
| 50. | भारतीय अनुवाद परिषद की ओर से प्रकाशित 'अनुवाद पत्रिका' के संस्थापक संपादक का नाम है –<br>A. प्रो.सूर्यप्रसाद दीक्षित B. डॉ. श्यामसिंह 'शशि'<br>C. प्रो. कैलाशचंद्र भाटिया D. डॉ. गार्गी गुप्त |

**L-43**

भाग – बी – निबंधात्मक प्रश्न (एम.फिल. - सी-डैस्ट)/ **Part – B Long Answer Questions (M.Phil – CDAST)**

अंक/ Marks : 25

प्रवेश-पत्र संख्या / Hall Ticket No. ____________________

सूचनाएँ :

1. इस भाग के सभी प्रश्नों का उत्तर दीजिए।
2. प्रश्नों के उत्तर दिये गये रिक्त स्थान पर ही लिखे जाने चाहिए।
3. इस प्रश्न-पत्र से भाग-बी के उत्तर पृष्ठों को अलग करके ओ.एम.आर. शीट के साथ वापस दे दीजिए।

प्रश्न 1. दलित कविता के अनुवाद की समस्याओं पर प्रकाश डालिए। **(अथवा)**
भारतीय साहित्य को समृद्ध करने के लिए दलित कहानियों के अनुवाद की आवश्यकता का रेखांकन कीजिए। (अंक 7.5)

प्रश्न 2. हिंदी आदिवासी कथा-साहित्य के विकास का परिचय दीजिए।

(अथवा)

समकालीन आदिवासी साहित्य में चित्रित समस्याओं का विश्लेषण कीजिए। (अंक 7.5)

प्रश्न 3. अपने शोध-विषय का शीर्षक बताते हुए इस विषय पर अनुसंधान करने की आवश्यकता को स्पष्ट कीजिए। (अंक 10)